माउंट एटना और स्ट्रोमबोली विस्फोट

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया]

हाल ही में इटली में [माउंट एटना] (Mount Etna) और [स्ट्रोमबोली] (Stromboli) में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण गर्म राख तथा लावा निकला है।

- **माउंट एटना** इटली के दक्षिणी भाग में **सिसिली** द्वीप पर स्थित है।
  - यह आल्प्स के दक्षिण में इटली की सबसे ऊँची चोटी है।
  - यूरोप का **सबसे सक्रिय ज्वालामुखी विश्व के सबसे बड़े ज्वालामुखियों में से एक** है। इसके अलावा यह भूमध्यसागरीय द्वीप पर सबसे ऊँचा पर्वत है और **विश्व भर में सबसे सक्रिय स्ट्रेटोवोलकैनो** है।
    - स्ट्रैटोवोलकानो ऊँचे, शंक्वाकार ज्वालामुखी हैं जो **कठोर लावा, राख और चट्टान के टुकड़ों की परतों से निर्मित** होते हैं।
    - वे आमतौर पर **सबडक्शन ज़ोन (Subduction Zone)** के ऊपर पाए जाते हैं और वे अक्सर बड़े ज्वालामुखीय सक्रिय क्षेत्रों का हिस्सा होते हैं, जैसे कि रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर के अधिकांश भाग को घेरे हुए है।
- स्ट्रोमबोली (यह एक स्ट्रेटोवोलकैनो भी है) इटली के **सिसिली** के उत्तरी तट पर **टायरीनियन सागर (Tyrrhenian Sea)** में स्थित एक छोटा सा द्वीप है।
  - जैसे: माउंट स्ट्रोमबोली एक सक्रिय ज्वालामुखी है और यह इतने सारे गैस के बादल उत्सर्जित करता है कि इसे "**भूमध्य सागर का प्रकाश स्तंभ (Lighthouse of the Mediterranean)**" कहा जाता है।

//



और पढ़ें: [ज्वालामुखी]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mount-etna-and-stromboli-eruption